भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4008
दिनांक 25 मार्च, 2025 को उत्तरार्थ

चुनावों के लिए धनराशि

†4008. श्री माधवनेनी रघुनंदन रावः

क्या **पंचायती राज** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पंचायत चुनावों के कारण विगत वर्ष तेलंगाना को धनराशि का आवंटन रोक दिया गया था;

(ख) यदि हां, तो धनराशि उपलब्ध कराने हेतु की जाने वाली वैकल्पिक व्यवस्था का ब्यौरा क्या है; और

(ग) वर्ष 2014 से विभिन्न योजनाओं के तहत तेलंगाना में पंचायतों के लिए आवंटित धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पंचायती राज राज्य मंत्री

(प्रो. एस. पी. सिंह बघेल)

(क) और (ख) 15वें वित्त आयोग के तहत तेलंगाना में ग्रामीण स्थानीय निकायों को आवंटित अनुदानों को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जारी करने को विधिवत निर्वाचित/गठित ग्रामीण स्थानीय निकायों की अनिवार्य पात्रता शर्त पूरी नहीं होने के कारण रोक दिया गया है।

2021-22 से 2025-26 की अवधि के दौरान ग्रामीण स्थानीय निकायों के अनुदान पर पंद्रहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के कार्यान्वयन के लिए वित्त मंत्रालय द्वारा जारी परिचालन दिशानिर्देशों के अनुसार, ग्रामीण स्थानीय निकायों को अनुदान के लिए पात्र माना जाएगा, यदि वे विधिवत रूप से गठित हैं, अर्थात यदि विधिवत निर्वाचित निकाय मौजूद हैं, सिवाय उन राज्यों/क्षेत्रों के जहां संविधान का भाग IX लागू नहीं होता है। यदि सभी निकाय विधिवत रूप से गठित नहीं हैं, तो अनुदान केवल विधिवत रूप से गठित निकायों के लिए वास्तविक आवंटन/अनुपात के आधार पर राज्य को जारी किया जाएगा।

जैसे ही ग्रामीण स्थानीय निकायों का विधिवत गठन हो जाएगा, राज्य के अनुरोध पर, पंद्रहवें वित्त आयोग की अवधि के भीतर तथा निधि की उपलब्धता के आधार पर रोके गए अनुदान जारी किए जा सकेंगे।

(ग) (i) 2014 से तेलंगाना में पंचायतों को आवंटित केंद्रीय वित्त आयोग अनुदान का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र. सं.	वर्ष	आवंटित राशि (करोड़ रुपए में)	केंद्रीय वित्त आयोग
1	2014-15	652.88	तेरहवां वित्त आयोग
2	2015-16	580.34	चौदहवां वित्त आयोग
3	2016-17	908.99	
4	2017-18	1047.75	
5	2018-19	1209.53	
6	2019-20	1628.68	
7	2020-21	1847.00	पंद्रहवां वित्त आयोग (अंतरिम अवधि)
8	2021-22	1365.00	पंद्रहवां वित्त आयोग
9	2022-23	1415.00	
10	2023-24	1430.00	
11	2024-25	1514.00	

(ii) 2014-15 से 2024-25 तक (21/03/2025 तक) मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत तेलंगाना राज्य को जारी धनराशि का ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्र. सं.	वर्ष	जारी राशि (करोड़ रुपए में)	योजना
1	2014-15	29.94	राजीव गांधी पंचायत सशक्तिकरण अभियान (आरजीपीएसए)
2	2015-16	13.13	
3	2016-17	43.38	क्षमता निर्माण- पंचायत सशक्तिकरण अभियान (सीबी-पीएसए)
4	2017-18	16.84	
5	2018-19	0.00	राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए)
6	2019-20	0.00	
7	2020-21	12.00	
8	2021-22	0.00	
9	2022-23	0.00	संशोधित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए)
10	2023- 24	20.00	
11	2024-25	0.00	

***